# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.06.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, आज, परफेक्ट मिशन, राष्ट्रीय सहारा ,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 18.06.2025

### वीडीए ने अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से मंगलवार को अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। मुगलसराय वार्ड के कुंडा नदिया में 1 बीघे में अवैध रूप से प्लॉटिंग नोटिस दिया गया था। बावजूद इसके शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी सिंह की मौजूदगी में प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। ब्यूरो

## आज–दि0 18.06.2025

### विप्रामें नागरिकोंकी शिकायत अब पोर्टलके माध्यमसे

विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्गके निर्देशपर सिटिजन ऐप एण्ड कम्प्लीमेंट मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टलके लिए प्रशिक्षण सत्रका आयोजन किया गया जिसमें विप्रा कर्मचारियोंको बताया गया कि शिकायतोंके डिजिटल प्लेटफार्मके माध्यमसे त्वरित और पारदर्शी निस्तारणको सुनिश्चित करना था। विशेषज्ञोंके अनुसार ऐप एवं पोर्टलके माध्यमसे शिकायतका पंजीकरण ट्रैंकिंग फारवर्डिंग-बोर्डकी मानिटरिंगसे संबंधित तकनीकी पहलुओंपर विशेषज्ञोंने लोगोंको बताया। सिटिजन ऐप और सीएमएस के पोर्टलसे कर्मचारी और अधिकारी जनताकी शिकायतका त्वरित निस्तारण करेंगे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 18.06.2025

### सिटीजन एप व सीएमएस पोर्टल का दिया गया प्रशिक्षण

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार प्राधिकरण सभागार में सिटीजन एप एवं कम्पलेंट मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के प्रभावी संचालन के लिए मंगलवार को प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। इसमें प्राधिकरण के सभी अनुभागों के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण को सुनिश्चित करना था। विशेषज्ञों द्वारा एप एवं पोर्टल के विभिन्न फीचर्स जैसे शिकायत पंजीकरण, ट्रैकिंग, फॉरवर्डिंग, निस्तारण प्रक्रिया एवं डैशबोर्ड मॉनिटरिंग के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से प्राधिकरण के कर्मचारियों को तकनीकी दक्षता प्राप्त हुई, जिससे वे भविष्य में सिटीजन एप एवं सीएमएस पोर्टल के माध्यम से नागरिक सेवाओं का अधिक प्रभावी ढंग से निष्पादन कर सकेंगे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 18.06.2025

### वीडीए में एप और पोर्टल के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

**वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में सिटीजन एप एवं कंप्लेन मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के संचालन को लेकर मंगलवार को कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण को सुनिश्चित करना है। एप एवं पोर्टल के फीचर्स में शिकायत पंजीकरण, ट्रैकिंग, फारवर्डिंग, निस्तारण प्रक्रिया एवं डैशबोर्ड मानिटरिंग के तकनीकी पहलुओं पर जानकारी दी गई। (जासं)

## परफेक्ट मिशन–दि0 18.06.2025

### वीडीए में सिटीजन एप्प व सीएमएस का संचालन प्रशिक्षण सत्र आयोजित



**वाराणसी ( परफेक्ट मिशन )।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार प्राधिकरण सभागार में सिटीजन एप्प एवं कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल के प्रभावी संचालन हेतु प्रशिक्षण सत्र का मंगलवार को आयोजन किया गया, जिसमें प्राधिकरण के सभी अनुभागों के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण को सुनिश्चित करना था। विशेषज्ञों द्वारा एप एवं पोर्टल के विभिन्न फीचर्स जैसे शिकायत पंजीकरण, ट्रैकिंग, फॉरवर्डिंग, निस्तारण प्रक्रिया एवं डैशबोर्ड मॉनिटरिंग के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्राधिकरण के कर्मचारियों को तकनीकी दक्षता प्राप्त हुई, जिससे वे भविष्य में सिटीजन एप्प एवं सीएमएस पोर्टल के माध्यम से नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी ढंग से निष्पादन कर सकेंगे।